**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**12.05.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात आठ बजे देश को संबोधित करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री का देशवासियों के नाम ये पहला संबोधन होगा।

इस बीच प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली में अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस.जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष अनिल चौहान, तीनों सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर सहित अन्य मुददों पर चर्चा की गई।

**डीजीएमओ**

भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन, लडाकू विमान और मिसाईलों को पूरी तरह नाकाम किया है। सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने आज नई दिल्ली में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि पाकिस्तान के पास भारत की हवाई रक्षा को भेदने का कोई मौका नही था और भारतीय सशस्त्र बल इसके लिए पूरी तरह तैयार थे। राजीव घई ने कहा कि भारत की मल्टीलेयर काउंटर ड्रोन और एयर डिफेंस  ग्रिड ने पाकिस्तान की हर कोशिश को पूरी तरह नाकाम किया।

*अगर आप सारे सिस्टम को पार कर भी गए आपको फिर भी एयरफिल्ड या लॉजिस्टिक इंसुलेशन या जो भी चीज़ को आप टारगेट कर रहे है उसमें पहुंचने से पहले कोई न कोई इस लेयर ग्रिड का सिस्टम जरूर गिरा देगा। जो दुर्दसा कल आपने पाकिस्तान एयरफील्ड की देखी हमारी एयरफील्ड हर प्रकार से ऑपरेशनल है। ये ही नहीं पाकिस्तान के ड्रोन और वैपनाईजड यूएवीज़ से की गई हमलावर कोशिशे भी इस ग्रिड के कारण नाकाम हुई और जो बचे खुचे ड्रोन थे उन्हें हमारे शोल्डर फायर्ड हथियारों से मार गिराया गया। आतंकियों पर हमारे स्टीक हमलें लाईन ऑफ कन्ट्रोल और इंटरनेशनल बॉड्री को पार किए बिना किए गए।*

**बुद्ध पूर्णिमा**

आज बुद्ध पूर्णिमा है। विश्वभर में आज बुद्ध पूर्णिमा धार्मिक हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। आज ही के दिन  महात्मा बुद्ध ने बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे महानिर्वाण प्राप्त किया था। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू व उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुद्ध पूर्णिमा की देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर शिमला के संभोटा तिब्बती स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने लोगों से भगवान बुद्ध की शिक्षाओं पर चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें सिखाता है कि करूणा, शांति और मानवता ही सच्चे धर्म के मूल स्तंभ है।

***आज ही के दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और इसी दिन उन्होंने महापरिनिर्वाण प्राप्त किया था। एक ही दिन में ये तीन महान घटनाएं इस दिन को बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण बनाती है। भगवान बुद्ध का जीवन हमें यह सिखाता है कि करूणा शांति और मानवता ही सच्चे धर्म के मूल स्तंभ है।***

**अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस**

आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस है। यह दिवस आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद हर वर्ष इस महत्वपूर्ण दिवस को मनाता है। इस वर्ष का विषय है– हमारी नर्सें, हमारा भविष्य–नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्था का सशक्तिकरण।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि नर्सों का कल्याण सीधे तौर पर देश की स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा है। उन्होंने नर्सों की करूणा, शक्ति और प्रतिबद्धता की सराहना की है।

**जयराम**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सिंचाई के बिजली बिलों में बढौतरी पर राज्य सरकार की आलोचान की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि खेतों की सिंचाई के लिए पांच सौ यूनिट बिजली खर्च करने पर पहले किसानों का तीन सौ रूपए का बिजली का बिल आता था लेकिन अब ये दो हजार आठ सौ रूपए के लगभग आ रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार अन्नदाताओं के साथ अन्याय कर रही है और किसानों के साथ इस तरह की मनमानी सही नहीं है। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए ताकि किसानों को राहत पहुंचाई जा सके।

**हवाई–परिचालन**

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद नागर विमान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद किए गए 32 हवाई अड्डों को अब तत्काल प्रभाव से खोल दिया गया है। इससे पहले इन 32 हवाई अड्डों को इस महीने की 15 तारीख तक नागर विमान परिचालन के लिए बंद रखा गया था। भारतीय

विमानपत्तन प्राधिकरण ने एक बयान में यात्रियों को सलाह दी है कि वे सीधे एयरलाइनों से उड़ान की स्थिति की जांच करें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइनों की वेबसाइट पर नज़र रखें।

**कुलदीप पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज भटियात क्षेत्र की रायपुर पंचायत में पिछले दिनों बादल फटने की घटना के प्रभावित 10 भेड पालकों को राहत राशि के चैक वितरित किए। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और राज्य सरकार की ओर से उन्हें हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।